तापमान
अधिकतम 28.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, सोमवार 18 दिसंबर 2023

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4 पांचों विकासखंडों में बाल अधिकार व संरक्षण की दी गई जानकारी




## खबर संक्षेप

### संकल्प वैन का मदनपुर में अभूतपूर्व स्वागत

**कटघोरा।** ग्रामीणजनों को केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ दिलाने के उद्देश्य से प्रारंभ की गई। विकसित भारत संकल्प वैन प्रातः 10 बजे मदनपुर रजकम्मा पहुँची। सर्वप्रथम मंचस्थ अतिथि विधायक तुलेश्वर मरकाम, कृष्ण कुमार यदु मंडल अध्यक्ष,नीलेश यदु जनपद सदस्य,गौरमती ध्रुव सरपंच, सुकालूराम प्रजापति उपसरपंच चैतमा, कुलदीप मरकाम, भूपेंद्र कुमार सोनवानी मुख्य कार्यपालन अधिकरी, सुमित्रा धीरहे ,सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी मनीराम मरकाम, प्रभारी प्राचार्य पुष्पक साहू,बी एम ओ रात्रे जी,सी ए सी जीवन सिंह मरकाम ने संकल्प रथ का स्वागत कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। वैन में लगे एलईडी के माध्यम से प्रधानमंत्री का संदेश, विकसित भारत का संकल्प, शपथ और विभिन्न योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी गई। पंचायत के उषा ध्रुव, भोलाराम अहीर,गंभीर ध्रुव, नान्ही राम अहीर,कलेश्वर ध्रुव सहित अन्य ग्रामीण जनों ने केंद्र सरकार की चल रही योजनाओं से लाभान्वित होकर अपने अनुभव को साझा किया।

### श्री सप्तदेव मंदिर में श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ

**कोरबा।** अखिल भारतीय मारवाडी महिला सम्मेलन छग प्रदेश की शाखा के द्वारा 16 दिसम्बर से श्रीसप्तदेव मंदिर में श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह का शुभारंभ किगया। भागवत कथा आचार्य लाल जी दीक्षित महाराज अपने सहयोगियों के साथ मथुरा वाले श्रद्धालुओं को कथा का रसपान कराएंगे। कथा प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से शाम 7 बजे तक आयोजित की गई है। भागवत कथा के पूर्व महिला मंडल के द्वारा सुबह 10 बजे मिशन रोड स्थित श्रीश्याम मंदिर से श्री सप्तदेव मंदिर तक कलश शोभायात्रा निकाली गई, जो मुख्यमार्ग होकर मंदिर पहुंची जहं देव स्थापना कर इस यात्रा को विराम दिया। जिसके बाद दोपहर 3.30 बजे से कथा प्रारम्भ की गई एवं कथा में भागवत महाम्य, भीष्म स्मृति, परीक्षित चरित्र, शुकदेव जी की मनमोहक कथा सुनाकर आचार्य ने सभी को भाव विभोर कर दिया। समिति ने ने समस्त नगर वासियों से अपील की है कि अधिक से अधिक की संख्या में मंदिर पधारकर कार्यक्रम का पुण्य लाभ अर्जित करें।

### विधायकों से मिला छग प्रदेश संयुक्त शिक्षक संघ

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ प्रदेश संयुक्त शिक्षक संघ एवं जिला इकाई ने शहर विधायक लखनलाल देवांगन एवं कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल से उनके गृह निवास में पहुंचकर मुलाकात की। शिक्षक संघ के पदाधिकारियों द्वारा जिले में कार्यरत कर्मचारियों, शिक्षकों के विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया गया। विधायकों द्वारा अपनी जीत में कर्मचारियों, शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान के लिए पदाधिकारियों को साधुवाद प्रकट की। उनके द्वारा बताया गया कि जिले मे कार्यरत कर्मचारियों शिक्षकों के विभिन्न समस्याओं पर विभागीय अधिकारियों का समीक्षात्मक बैठक लेकर समस्याओं के समाधान की पहल करने की बात कही गई। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश बघेल, जिलाध्यक्ष नित्यानंद यादव, संयोजक शादिक अंसारी, कार्य. अध्यक्ष बल्लभ दास बैष्णव, विनय रॉय ब्लॉक अध्यक्ष कटघोरा, महासचिव भगत रत्नायका, उपाध्यक्ष अशोक कश्यप, घनश्याम भास्कर, राकेश टंडन अरुण सिंह एवं संघ के अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# बच्चों का भोजन बनाने वाले चार माह से तरस रहे अपने मानदेय के लिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

स्कूली बच्चों को प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शाला के बच्चों को स्कूल तक लाने के लिए शुरू किए गए मध्यान्ह भोजन जैसे राष्ट्रीय कार्यक्रम के संचालन में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले स्व सहायता समूह के रसोईयों को बीते चार माह से उनका अपना मानदेय नहीं मिला है। राज्य शासन द्वारा जारी किए जाने वाले फंड के हेड में कोई तकनीकी त्रुटि आने की वजह से आबंटन ही नहीं प्राप्त हुआ, जबकि चार माह बीत चुके हैं रसोईयों को अपने मानदेय के लिए विभाग का चक्कर लागते हुए।

जिले में 1422 प्राथमिक व प्राईमरी मीडिल स्कूल हैं। जहां मध्यान्ह भोजन चलाने का काम गांव के ही महिला स्व सहायता समूह को उनको आर्थिक रूप से सक्षम और समृद्ध बनाने के उद्देश्य से दिया गया है। महिला समूह की सदस्य भी इस काम को बखूबी अपनी जिम्मेदारी से निभा रही हैं। मध्यान्ह भोजन हेतु चावल, शहरी क्षेत्र में शासकीय उचित मूल्य के दुकानों के माध्यम से प्राप्त होता है तो ग्रामीण अंचल में पंचायतों के माध्यम से चावल प्रदान किया जाता है। इनके अलावा शेष खर्च के लिए विभाग स्तर से प्रति बच्चे 5 रूपये के हिसाब से राशि आबंटित होती है। इसके अलावा स्व सहायता समूह को रसोईए के लिए मानदेय दिए जाने का एक प्रावधान है। विभाग स्तर पर 1200 रूपये मानदेय प्रदान करने का नियम है और यही उनको दिया भी जा रहा है, लेकिन बीते चार माह से यह राशि भी उनको नहीं मिली है। लगातार अपने विभाग का चक्कर काटने वाले रसोईए प्रशासन के समक्ष भी गुहार लगा चुके हैं, किंतु आचार संहिता का अवाला देकर उनके इस मांग को गंभीरता से नहीं लिया गया। रसाईयों संघ की माने तो विभाग के द्वारा यह बताया जाता है कि वित्त विभाग से जिस हेड में उनके मानदेय की राशि जाती है वह हेड में तकनीकी त्रुटि आने की वजह से विभाग को राशि का आबंटन नहीं हो सका है। दूसरी ओर रसोईयों संघ का कहना है कि विभाग चार माह से तकनीकी त्रुटि दूर नहीं कर सका और एनकेएन प्रकारेण परेशान किया जा रहा है। इधर महिला समूह ने भी विभागीय अधिकारियों से मानदेय की गुहार लगाई है।

## तकनीकी त्रुटि बता रहा राशि आबंटन वाला विभाग

**खास बातें**

- प्राइमरी व मीडिल स्कूल में स्व सहायता समूह के जिम्मे है मध्यान्ह भोजन
- जिले में 1422 प्रायमरी स्कूल हैं संचालित



### फंड नहीं मिलने से मीनू का पालन नहीं

मध्यान्ह भोजन के लिए आने वाले फंड भी नियमित रूप से नहीं मिल पाता। जिसकी वजह से बच्चों को दिए जाने वाले मीनू के अनुसार भोजन नहीं मिल पाता। अगर मीनू के अनुसार मध्यान्ह भोजन का संचालन किया जाए तो उसका खर्च भी शिक्षकों को वहन करना पड़ जाएगा। शासन के द्वारा जारी मीनू में पोष्टिक भोजन के साथ फल और आचार, पापड़ जैसे खाद्य पदार्थ भी शामिल हैं, जो आज की महंगाई के दौर में समूह के हाथ से बाहर है।

### लकड़ी के ईंधन से बन रहा मध्यान्ह भोजन

शहर के साथ-साथ गांव के स्कूलों में लकड़ी के ईंधन से मध्यान्ह भोजन बन रहा है। उज्जवला योजना के तहत महिला समूहों को गैस कनेक्शन देने की भी योजना थी वह भी मैदानी स्तर पर नहीं संपन्न हो सकी। समूह की महिलाओं के अनुसार सिलेंडर महंगा है, जिसके कारण उसे लेना उनके बस की बात नहीं है, क्योंकि जब छोटे-छोटे खर्च की राशि विभाग से मिलने में तकनीकी मारण सामने आता है तो ऐसे में मध्यान्ह भोजन गैस के कनेक्शन में कैसे बन सकेगा। स्थिति यह है कि शहर के स्कूलों में भी लकड़ी का ईंधन ही एक सहारा है।

कटघोरा वनमंडल के केंदई वन परिक्षेत्र का मामला, वन विभाग की टीम ने रुकवाया काम

# नाला किनारे वन भूमि में खेत बनाने की साजिश, रात के अंधेरे में चल रही थी जेसीबी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा


वन विभाग द्वारा जब्त जेसीबी व चालक।

वनांचल क्षेत्र में वनभूमि पर अवैध कब्जे का खेल रुकने का नाम नहीं ले रहा है। लोग वन विभाग के अधिकारी, कर्मचारियों की आंखों में धूल झोंककर खेत बनाने का गोरखधंधा चला रहे हैं। इसी तरह का नया मामला फिर से सामने आया है। रात के अंधेरे में जेसीबी लगाकर नाला किनारे खेत बनाने का प्रयास किया जा रहा था लेकिन वन विभाग की टीम समय रहते मौके पर पहुंची और काम रुकवाकर जेसीबी वाहन को जप्त कर लिया है। पकड़े गए लोगों के खिलाफ वन अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।

मामला कटघोरा वनमंडल के केंदई वन परिक्षेत्र का है। सखोदा के कंपार्टमेंट नंबर पी 329 में पड़ोस के जिले से जेसीबी लाकर रात के अंधेरे में नाला के किनारे अवैध कब्जा करने की नीयत से वनभूमि में जेसीबी लगाकर खुदाई किया जा रहा था ताकि जमीन पर कब्जा किया जा सके और उसे खेत के रूप में तब्दील किया जा सके। मुखबिर से जैसे ही इसकी सूचना कटघोरा वनमंडलाधिकारी कुमार निशांत को मिली तो उन्होंने वन परिक्षेत्र अधिकारी अभिषेक दुबे को कार्यवाही का निर्देश दिया। जिसके बाद वन विभाग के अधिकारी, कर्मचारियों की टीम मौके पर पाया कि कुछ लोग जेसीबी लगाकर अवैध उत्खनन कर खेत बनाने का काम कर रहे हैं। अधिकारियों ने तत्काल काम रुकवा कर जेसीबी को जप्त कर लिया है। पूछताछ किए जाने पर जेसीबी ऑपरेटर द्वारा कोई वैध दस्तावेज नहीं प्रस्तुत किया गया एवं जेसीबी मालिक का नाम साधारण सिंह प्रेम नगर निवासी बताया गया।

### इस तरह के कई मामले आ चुके हैं सामने

कटघोरा और कोरबा वनमंडल में वनभूमि में अवैध कब्जा कर खेत बनाने का खेल लंबे समय से चल रहा है। इस तरह की कई घटनाएं सामने आ चुकी है। खासतौर पर जटगा वन परिक्षेत्र में एक बड़ी घटना सामने आई थी। जिसमें सैकड़ों पेड़ों को धराशाही कर कब्जे का खेल किया गया था। जिसमें वन विभाग को भारी आर्थिक नुकसान भी हुआ था लेकिन वन विभाग की टीम समय रहते उस कब्जे के खेल को रोकने में कामयाब हो गई थी लेकिन बड़े पैमाने पर पेड़ों की बलि चढ़ गई थी। इसी तरह बालको वन परिक्षेत्र में भी एक घटना सामने आई थी जहां कब्जा करने की नीयत से कई पेड़ों को धराशाही कर दिया गया था। वन विभाग के अधिकारी, कर्मचारियों को इस तरह के मामलों को गंभीरता से लेना चाहिए और इस तरह की घटना को अंजाम देने वाले लोगों को जमकर सबक सिखाना चाहिए।

# एनएच के मुआवजे को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश


विरोध प्रदर्शन करते ग्रामीण।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के ग्रामीण अंचलों से गुजरने वाले नेशनल हाईवे के लिए भूमि अधिग्रहण का दौर अब भी जारी है। मुआवजा के निर्धारण को लेकर ग्रामीणों में रोस भी देखा जा रहा है।

**खास बातें**

- जिले में नेशनल हाईवे के निर्माण को लेकर चल रहा है भूमि अधिग्रहण का दौर
- ग्राम कापूबहरा में भी ग्रामीण हुए लामबंद

तीन दिन पूर्व कटघोरा विकासखंड के कापूबहरा में भूमि अधिग्रहण के लिए बैठक आहूत की गई थी। जिसमें मुआवजा निर्धारण को लेकर ग्रामीणों में असंतोष देखा गया। उनके द्वारा मुआवजे की दर बढ़ाने की मांग की गई। इसके पूर्व ग्राम गितकुंवारी और गिरारी में भी मुआवजा निर्धारण को लेकर ग्रामीणों ने आक्रोश व्यक्त किया है।

नेशनल हाईवे में आई भूमि का मुआवजा ग्रामिणों को ना मिलने से ग्रामिणों में काफी आक्रोशित दिखाई दे रहे है। अब स्थिति यह हो चुका है कि ग्रामीण वार्ता के लिए प्रशासनिक अधिकारियों से भी चर्चा करने के लिए नहीं है। एक ऐसा ही वाक्या कटघोरा के कापूबहरा की बताई जा रही है जहां एसडीएम रीचा सिंह ने मुआवजा को लेकर ग्रामिणों से चर्चा करने गई पर ग्रामीण चर्चा करने से साफ मना कर दिए। उनका कहना था कि भूमि अधिग्रहण में उनकी खेती की जमीन जा रही है। जिससे प्रतिवर्ष व धान बेचकर ही एक बड़ी रकम कमाते हैं लेकिन वर्तमान में जो दर निर्धारित किया गया है वह जमीन के महत्व को देखते हुए उचित नहीं है। यहां बताना होगा कि कोरबा चांपा मुख्यमार्ग में मुआवजा का दर अधिक निर्धारित किया गया है तब कहीं जाकर ग्रामीण अपनी जमीन देने को राजी हुए। हालांकि अभी भी उरगा से बालको से लगे ग्रामों की ओर आने वाले नेशनल हाईव के दायरे में आने वाले जमीन अधिग्रहण का दौर अभी शुरु नहीं हुआ है किंतु ग्रामीण यहां भी लामबंद होने लगे हैं। उनकी मानें तो मुआवजे का दर घोषित करने के लिए ग्राम सभा आयोजित किया जाए और वहां निर्धारित बढ़े हुए दर की जानकारी दी जाए। कापूबहरा के पहले गितकुंवारी, गिरारी और श्यांग क्षेत्र के ग्रामीण भी आक्रोश व्यक्त कर चुके हैं।

इन ग्रामों में भी तत्कालीन एसडीएम श्री नायक ने ग्रामों के बीच जाकर चर्चा की थी। शिविर लगाने का कार्य भी शुरु हुआ था लेकिन ग्रामीण मुआवजा की दर को कम मानते हुए जमीन अधिग्रहण की कार्यवाही नहीं शुरु होने दी। वर्तमान में कटघोरा तक बिलासपुर से अंबिकापुर नेशनल हाईव का मार्ग पूरा हो चुका है और अब कटघोरा के आगे वाले ग्रामीण अंचलों से गुजर रहे नेशनल हाइवे के जमीन अधिग्रहण में अड़ंगा आ गया है। जिसकी वजह से बिलासपुर चांपा और बिलासपुर अंबिकापुर नेशनल हाइवे के लिए जमीन अधिग्रहण की कार्यवाही एक बार फिर रुकते नजर आ रही है।

# सजा था जुए का फड़, एक दर्जन जुआरियों को दबोचा पुलिस ने

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बांकीमोंगरा पुलिस ने मुखबीर की सूचना पर गजरा बस्ती में दबिश देकर जुआ खेलते हुए जुआड़ियों को रंगेहाथों गिरफ्तार किया है। पकड़े गए जुआरियों में बांकीमोंगरा उड़िया मोहल्ला निवासी रामलाल पटेल 44 वर्ष पिता प्रितम लाल पटेल, जितु कुमार 42 वर्ष पिता लखन सिंह लोहार, राजेश कुमार सिंह 43 वर्ष पिता सुदामा सिंह राजपुत, विजय कुमार सतनामी 49 वर्ष पिता स्व.अजीत राम, शंभू गौड़ा 39 वर्ष पिता सोमनाथ गौड़ा, सदन धीवर 40 वर्ष पिता जेठू राम धीवर, बृजेश सूर्यवंशी 29 वर्ष पिता भागवत प्रसाद सूर्यवंशी, जितेन्द्र कुमार पाटले 36 वर्ष पिता लच्छन, हेमन्त कुमार साहू 30 वर्ष पिता स्व. संतोष साहू, दिलीप कुमार सतनामी 25 वर्ष पिता मालिकराम, विनय सिंह 33 वर्ष पिता जलेश्वर प्रसाद साहू 20 हजार 2 सौ रुपए नगद एवं 52 पत्ती ताश, दो मोटरसायकल एचएफ डिलक्स क्रमांक सीजी 12 बी एच 7275 एवं मोटरसायकल होण्डा एसपी-125 क्रमांक सीजी 11 ए पी 5829 को बरामद किया गया है। पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने धारा 13 जुआ एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

# सरिया मंगाने के नाम पर ठेकेदार से 8 लाख की धोखाधड़ी, जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक ठेकेदार सरिया मंगाने के नाम पर लाखों रुपए के धोखाधड़ी का शिकार हो गया है। जब ठेकेदार को इसकी भनक लगी तो उसके होश उड़ गए और उसने इस मामले की शिकायत पुलिस से की है। पुलिस ने मामले में अपराध दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत पोड़ीबहार निवासी नागेन्द्र कुमार सिंह ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह जल जीवन मिशन कोरबा में ठेकेदारी का काम करता है व एन.आर. इन्टरप्राईजेस पोड़ीबहार कोरबा का संचालक है। उसे जिले में पानी टंकी बनाने का ठेका मिला हुआ है। जिसके लिए नागेन्द्र को 17 टन सरिया की आवश्यकता थी। तब नागेन्द्र ने गूगल में जाकर एनआर स्टील कार्पोरेशन कंपनी का डिटेल लिया। जिसमें एन.आर. स्टील कार्पोरेशन 9/10 सीताविहार एल.बी.एस मार्ग दामिनी स्टेट, थाणे वेस्ट, थाणे मुबंई महाराष्ट्र मोबाइल नंबर-6295104593 लिखा था। जिसके बाद नागेन्द्र ने अपने मोबाइल नंबर 9826169457 से एनआर कंपनी के मोबाइल नंबर-6295104593 पर बात कर 17 टन सरिया की डिमांड की। कंपनी से सरिया के लिए पहला कोटेशन 28 नवंबर तथा दूसरा कोटेशन 29 नवंबर को वाट्सअप पर प्राप्त हुआ। नागेन्द्र ने सरिया खरीदने के एवज मे अपने एन.आर. इंटरप्राईजेस के एम.पी.नगर एसबीआई के खाता क्रमांक 39646293584 से चेक क्रमांक 062986 से प्रथम भुगतान 29 नवंबर को 5 लाख 15 हजार रुपए एनआर स्टील कार्पोरेशन के बताये बैंक ऑफ महाराष्ट्र के खाता संख्या 6046422934 मे आरटीजीएस के माध्यम से ट्रांसफर किया। शेष भुगतान 30 नवंबर को चेक क्रमांक 062987 के माध्यम से 3 लाख 41 हजार 765 रूपये आरटीजीएस से बैंक ऑफ महाराष्ट्र के खाता संख्या 6046422934 में भुगतान किया। ⏭ शेष पेज 3 पर

मोदी की गारंटी के इंतजार में 85 फीसदी खरीदी शेष

# धान खरीदी का आधा सफर हुआ पूरा, 15 फीसदी हुई है खरीदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा


फाइल फोटो

केंद्र सरकार की योजना के तहत 31 सौ रुपए प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी एवं 2 साल का बोनस के इंतजार में इस साल प्रदेश सहित जिले में भी धान खरीदी अभियान ठंडा पड़ चुका है। धान खरीदी अभियान का मध्यांतर हो चुका है। 1 दिसंबर से 31 जनवरी तक की जाने वाली धान खरीदी कार्य में इस साल जिले के किसान उत्साहित नजर नहीं आ रहे। जिले में धान खरीदी के पहले मध्यांतर 15 दिसंबर तक 25 लाख 74 हजार क्विंटल धान खरीदी की तुलना में 7 हजार 726 पंजीकृत किसानों ने 41 समिति के 65 उपार्जन केंद्रों के माध्यम से महज 3 लाख 74 हजार 698.40 क्विंटल समर्थन मूल्य के आधार पर 81 करोड़ 79 लाख 66 हजार 607 रुपए का धान बेचा है। शेष बचे 28 खरीदी दिवस में शेष 85 फीसदी खरीदी लक्ष्य को हासिल करने प्रति खरीदी दिवस में 78 हजार 546 क्विंटल रिकार्ड धान खरीदी करनी होगी।

प्रदेश में 1 दिसंबर से लेकर 31 जनवरी तक नगद एवं लिंकिंग व्यवस्था के तहत पंजीकृत किसानों से धान खरीदी का कार्य किया जा रहा है जिले के 41 समितियों के 65 उपार्जन केंद्रों में धान खरीदी जारी है। जिले को इस ⏭ शेष पेज 3 पर

### मोदी की गारंटी का इंतजार तो नहीं

जिले सहित प्रदेश में धान खरीदी अभियान ठंडा पड़ा हुआ है। किसान उपार्जन केंद्रों तक धान नहीं ला रहे। अभियान का आधा सफर पूरा होने के बाद भी तय लक्ष्य की पूर्ति में 30 फीसदी धान की भी आवक नहीं हो सकी है। जिले में तो महज 15.50 फीसदी ही धान खरीदी हुई है। सूत्रों की मानें तो धान खरीदी अभियान में अब तक मोदी की गारंटी चुनावी घोषणापत्र में 31 सौ रुपए प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी करने एवं 2 साल का बकाया बोनस देने की घोषणा को सरकारी अमलीजामा नहीं पहनाया जाना माना जा रहा है। जिसकी वजह से पुराने दर पर धान बेचने किसान दिलचस्पी नहीं दिखा रहे। हाल ही में संपन्न हुई कैबिनेट की पहली बैठक में भी इस पर मुहर नहीं लग सकी।

### 49 फीसदी धान का उठाव

कुल खरीदे गए 3 लाख 74 हजार 743.60 क्विंटल धान की आवक हो चुकी है। जिसमें से 1 लाख 84 हजार 146.80 क्विंटल धान का उठाव हो चुका है। इस तरह देखें तो 49.14 फीसदी धान का उठाव हो चुका है लेकिन अभी भी उपार्जन केंद्रों में 1 लाख 90 हजार 596.80 क्विंटल धान उठाव के लिए शेष है। 9 उपार्जन केंद्रों में 5 हजार क्विंटल से अधिक धान जाम हैं। हालांकि डीओ जारी हो चुका है यह धान जल्द ही राइस मिलरों द्वारा उठाव कर लिए जाएंगे।

### पोड़ी उपरोड़ा में भी अक्षत कलश की पूजा

**कोरबा।** प्रभु श्रीराम की जन्मभूमि अयोध्या में भव्य मंदिर निर्माण का कार्य संपन्न हो रहा है। इसी कड़ी में 17 दिसंबर को प्रत्येक मंडल को अयोध्या से आए पूजित अक्षत कलश वितरित किया गया। जिसमे पोड़ी उपरोड़ा खंड में पोड़ी उपरोड़ा लक्ष्मीनारायण मंदिर एवं जटगा शिव मंदिर से किया गया। अक्षत कलश के वितरण कार्यक्रम सुबह 11 बजे से की गई। अक्षत कलश जटगा से बिंझरा, तुमान, जटगा अमलडीहा, अमलीकुंडा, मातिन मंडलों को अक्षत कलश का वितरण किया गया। जिसमें विष्णु यादव, लक्ष्मी तिवारी, शंभू नाग, संदीप जायसवाल, आकाश शुक्ला, ऋषभ सिंह, अमित साहू, राहुल जायसवाल, कुंदन, हरिनारायण सिंह सहित बड़ी संख्या में राम भक्त शोभा यात्रा में शामिल हुए।

## हीरो के 40 साल पूरे, जैकी ने मनाया जश्न





**मुंबई।** निर्देशक सुभाष घई और अभिनेता जैकी श्रॉफ शनिवार को 'हीरो' के 40 साल पूरे होने का जश्न मना रहे हैं। एक्टर ने अपने इंस्टाग्राम पर फिल्म के कुछ सीन्स के साथ एक वीडियो भी शेयर की और कैप्शन में लिखा, "डस्ट से स्टार तक #हीरो #40 साल"।

## 500 करोड़ क्लब के करीब पहुंची एनिमल



**मुंबई।** रणबीर कपूर की फिल्म एनिमल ने अब तक दुनियाभर में जबरदस्त कलेक्शन कर लिया है। रिपोर्ट के मुताबिक घरेलू बॉक्स ऑफिस पर एनिमल का एकतरफा कब्जा है। इसमें भारत में तीसरे शनिवार यानी 16 दिनों में 486.96 का बिजनेस कर लिया है।

## इंडियन पुलिस फोर्स का शानदार टीजर रिलीज




**मुंबई।** फिल्म निर्माता रोहित शेट्टी की पहली ओटीटी सीरीज 'इंडियन पुलिस फोर्स' का टीजर शनिवार को जारी किया गया। यह एक्शन, पावर, शानदार परफॉर्मेंस और पुलिस फोर्स से भरपूर है। एक मिनट से ज्यादा लंबे टीजर में एक्टर सिद्धार्थ मल्होत्रा, विवेक ओबेरॉय और शिलपा शेट्टी की झलक मिलती है।



## 'ड्राई डे' का पहला गाना 'हल्ला मचा' आउट...

**मुंबई।** जितेंद्र कुमार और श्रिया पिलगांवकर स्टारर हिंदी ओरिजिनल फिल्म ड्राई डे एक शानदार रिलीज वीक के लिए तैयार है। इस फील-गुड फिल्म का मूड सेट करते हुए फिल्म का पहला गाना 'हल्ला मचा', जो एक जबरदस्त होली गीत भी है, आज रिलीज़ कर दिया गया है। इस गाने को देव नेगी और अकासा सिंह की गतिशील जोड़ी ने अपनी आवाज के जादू से सजाया हैं और संगीत जावेद-मोहसिन द्वारा रचित हैं। 'ड्राई डे' में जितेंद्र कुमार, श्रिया पिलगांवकर और अन्नू कपूर प्रमुख भूमिकाओं में हैं। ये फिल्म विशेष रूप से प्राइम वीडियो पर 22 दिसंबर को हिंदी में प्रीमियर होगी।

लाइफ Style

# तृप्ति

## इंस्टा पर बढ़े फॉलोवर्स

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेत्री तृप्ति डिमरी इन दिनों फिल्म 'एनिमल' को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं। फिल्म के सुपरहिट होने के बाद तृप्ति इंस्टाग्राम पर दूसरे नंबर पर सबसे ज्यादा फॉलो की जाने वाली अभिनेत्री बन गईं।

एनिमल' फिल्म में तृप्ति डिमरी एक छोटे से किरदार में नजर आईं, बावजूद इसके फिल्म में उनके किरदार 'जोया' को जिस तरह से दर्शक पसंद कर रहे हैं, उसकी कल्पना भी तृप्ति ने कभी नहीं की थी। फिल्म की सफलता के बाद अभिनेत्री के सोशल मीडिया अकाउंट पर भी फॉलोवर्स की संख्या काफी बढ़ रही है। अब इस पर तृप्ति ने प्रतिक्रिया दी है।

हाल ही में दिए इंटरव्यू में तृप्ति ने कहा, उन्हें बिलकुल भी अंदाजा नहीं था कि एनिमल' फिल्म में उनके किरदार जोया को लोग इतना प्यार देंगे। सोशल मीडिया पर बढ़ रहे फॉलोवर्स की संख्या का हिसाब मैं नहीं रखती हूं। मेरे परिवार के लोग और मेरे दोस्त मुझे स्क्रीनशॉट भेज कर बताते हैं कि तुम्हारे इतने ज्यादा फॉलोवर्स बढ़ गए हैं। मुझे अच्छा जरूर लग रहा है, लेकिन मैं गिनती नहीं करती हूं। अपनी फिल्मों और निजी जिंदगी के बारे में बात करते हुए तृप्ति ने कहा कि मैं काम और अपनी निजी जिंदगी में बैलेंस बना कर चलती हूं। मैं परिवार के साथ समय बिताती हूं और दोस्तों के लिए भी समय निकालती हूं। मैं नहीं चाहती कि भविष्य में जब पीछे मुड़ कर देखूं तो मुझे पछतावा हो कि मैं जिंदगी जी ही नहीं पाई, बस काम ही करती रह गई।



हॉलीवुड मसाला



## फ्लॉन्ट किया कर्वी फिगर

**लॉस एंजेलिस।** हॉलीवुड एक्ट्रेस क्लो कार्दशियन काम से ज्यादा अपने लुक्स को लेकर सुर्खियों में रहती हैं। वह अक्सर फैंस के साथ अपनी बोल्ड तस्वीरें शेयर करती रहती हैं। हाल ही में एक बार फिर उन्होंने अपनी नई तस्वीरों से इंटरनेट पर तहलका मचा दिया है। एक्ट्रेस की लेटेस्ट तस्वीरों को फैंस खूब लाइक कर रहे हैं। लुक की बात करें तो इन तस्वीरों में बॉडीकोन ट्रांसपेरेट ड्रेस में बेहद बोल्ड लग रही है। इस ड्रेस में एक्ट्रेस के इनरगार्मेंट भी दिखाई दे रहे हैं।




## चौथी बार मां बनने वाली हैं हिलेरी...

**लॉस एंजेलिस।** हॉलीवुड की पॉपुलर एक्ट्रेस और सिंगर हिलेरी डफ इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए अपनी चौथी प्रेग्नेंसी का ऐलान किया है। हिलेरी अपने पति मैथ्यू कोमा के तीसरे बच्चे की मां बनने वाली हैं। मैथ्यू कोमा और हिलेरी डफ ने साल 2018 और 2021 में अपनी बेटियों बैंक्स और मॅई का दुनिया में स्वागत किया। अब यह जोड़ा अपने तीसरे बच्चे के दुनिया में आने का बेसब्री से इंतजार कर रहा है। वहीं हिलेरी डफ का अपने पहले पति माइक कॉमरी से 11 साल का बेटा लुका भी है, जिसके साथ वह अक्सर तस्वीरें शेयर करती रहती हैं। हिलेरी डफ ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर किया है, जिसमें वह अपना बेबी बंप फ्लॉन्ट करती नजर आ रही है।



## अब करेंगी ओटीटी प्लेटफॉर्म पर डेब्यू

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री सनी लियोनी जल्द ही मलयालम ओटीटी में कदम रखने जा रही हैं। वह मलयालम वेब सीरीज पैन इंडियन सुंदरी से अपना डेब्यू कर रही हैं। एचआर ओटीटी प्लेटफॉर्म पर इस सीरीज को रिलीज किया जाएगा। इसे लेकर अभी आधिकारिक घोषणा होनी बाकी है। यह एक हाई बजट की कॉमेडी एक्शन थ्रिलर सीरीज है। इसमें मालविका श्रीनाथ और अप्पानी सारथ भी अहम भूमिका में हैं। इसके अलावा अन्य कलाकारों और क्रू में मलयालम इंडस्ट्री के कई दिग्गज शामिल हैं। एचआर प्रोडक्शंस के बैनर तले श्रीना प्रतापन द्वारा इसे निर्मित किया गया है। वहीं सतीश कुमार ने वेब सीरीज पैन इंडियन सुंदरी को लिखा और निर्देशित किया है। इसका स्क्रीनप्ले प्रिंस डेनी और लेनिन जॉनी ने किया है।



## 'डंकी' को सेंसर बोर्ड से मिली हरी झंडी

**मुंबई।** अभिनेता शाहरुख खान पिछले कई दिनों से अपनी अपकमिंग फिल्म 'डंकी' को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। पठान और जवान के बाद अब फैंस को किंग खान की इस मूवी का भी बेसब्री से इंतजार है। इस बीच 'डंकी' से जुड़ा एक नया अपडेट सामने आया है। एक्टर की ये फिल्म सेंट्रल बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन (सीबीएफसी) से फिल्म पास हो गई है। ट्रेड एनालिस्ट गिरीश जौहर के मुताबिक, शाहरुख खान की 'डंकी' को सेंट्रल बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन से यू/ए सर्टिफिकेट देकर पास किया गया है। इसके साथ ही फिल्म के रनटाइम का भी खुलासा हो चुका है। 'डंकी' का रनटाइम 2 घंटे 41 मिनट होगा। डंकी 21 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

टीवी मसाला

## एजाज ने पवित्रा संग शेयर की तस्वीर...

**मुंबई।** एजाज खान और पवित्रा पुनिया टीवी के पावर कपल्स में से एक हैं। दोनों की मुलाकात रियालिटी शो बिग बॉस 14 के दौरान हुई थीं। शो के बाद से ही दोनों अपनी क्यूट केमिस्ट्री से फैंस को इंप्रेस करते रहते हैं हालांकि बीते दिनों अचानक ही कपल के ब्रेकअप की खबर सामने आई। मीडिया




रिपोर्ट्स में दावा किया कि एजाज खान और पवित्रा पुनिया ने तीन साल एक दूसरे को डेट करने के बाद अपना रिश्ता तोड़ दिया है। अब इन खबरों पर एजाज खान ने अपने ब्रेकअप की खबरों पर चुप्पी तोड़ी है। एजाज ने पवित्रा पुनिया संग ब्रेकअप की अफवाहों को बकवास बताया है। उन्होंने कोई इंटरव्यू नहीं दिया, बल्कि अपनी इंस्टाग्राम की स्टोरी पर एक फोटो शेयर करके इन खबरों को बकवास करार दिया है। एजाज ने अपनी लेडी लव पवित्रा संग एक तस्वीर शेयर की जो एक इवेंट की है। इस तस्वीर में एजाज अपनी लेडी लव के चेहरे की तरफ देख रहे हैं और उनके फेस पर स्माइल है। वही पवित्रा कैमरे की ओर पोज दे रही हैं। इस तस्वीर के साथ एजाज खान ने हैशटैग 'इंस्पिरेशन' लिखा है।

### अभिनेत्रियों ने दुनियाभर में चर्चा बटोरी और खूब नाम कमाया

# इन अभिनेत्रियों के लिए 2023 रहा बेहद खास, दी धमाकेदार हिट


***मुंबई।** बॉलीवुड के लिए साल 2023 अभिनेत्रियों के लिए बेहद स्पेशल रहा। कई अभिनेत्रियों ने इस साल लॉन्ग ब्रेक के बाद कमबैक किया और बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा दिया। उनकी फिल्में बॉक्स ऑफिस का सूखा खत्म करने में मददगार साबित हुईं। फिल्मों के लिहाज से अभिनेत्रियों ने दुनियाभर में चर्चा बटोरी और खूब नाम कमाया। साल 2023 की मोस्ट सक्सेसफुल एक्ट्रेसेस की लिस्ट।*



**कियारा आडवाणी :** 'फगली' फिल्म से बॉलीवुड में कदम रखने वाली कियारा आडवाणी ने चंद सालों में अपनी एक अलग पहचान बना ली है। पिछले साल उनकी फिल्म 'भूल भुलैया 2' हिट रही थी और इस साल 'सत्यप्रेम की कथा' ने बॉक्स ऑफिस पर ठीकठाक कमाई की। बैक-टू-बैक कार्तिक आर्यन के साथ फिल्मों ने कियारा को हेडलाइंस में बनाए रखा। कियारा अब अपनी आगामी फिल्मों की तैयारी में जुटी हैं। वह राम चरण के साथ फिल्म गेम चेंजर और ऋतिक रोशन के साथ 'वॉर 2' में नजर आएंगी।



**आलिया भट्ट :** आलिया भट्ट के लिए भी साल 2023 भी बेहद खास रहा। मां बनने के बाद अभिनेत्री ने फिल्म 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' से बॉक्स ऑफिस पर धमाकेदार वापसी की। आलिया को इसी साल फिल्म 'गंगूबाई काठियावाड़ी' के लिए नेशनल अवॉर्ड मिला था। कुछ समय पहले अभिनेत्री ने अपनी आगामी फिल्म 'जिगरा' की अनाउंसमेंट कर थी। वह इस फिल्म को को-प्रोड्यूस भी कर रही हैं।



**अनन्या पांडे :** 'लाइगर' के बुरी तरह फ्लॉप होने के बाद साल 2023 में रिलीज हुई 'ड्रीम गर्ल 2' में अनन्या पांडे छा गईं। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 100 करोड़ से ज्यादा कलेक्शन किया था। साथ ही अनन्या के अभिनय को भी काफी पसंद किया गया था। जल्द ही वह 'खो गए हम कहां', 'कंट्रोल' और 'द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ सी शंकरन नायर' फिल्मों में दिखाई देंगी।



**अदा शर्मा :** सालों से सिनेमा में अपनी पहचान बनाने की मशक्कत कर रहीं अदा शर्मा के लिए साल 2023 बेहद लकी रहा। फिल्म 'द केरल स्टोरी' ने उनके सपनों को उड़ान भरी और बी-टाउन की बेस्ट एक्ट्रेसेस में शुमाल हो गईं। 2023 की हिट फिल्मों में शुमार 'द केरल स्टोरी' में अदा के अभिनय को खूब सराहा गया। इस फिल्म ने 242 करोड़ का का कारोबार किया था। अगले साल अप्रैल में अदा शर्मा की 'बस्तर' रिलीज होगी।



**सारा अली खान :** 'लव आज कल' और 'कुली नंबर 1' के फ्लॉप होने के बाद सारा अली खान की दो फिल्में थिएटर की बजाय ओटीटी पर रिलीज हुईं और सारा ने अपने अभिनय से हर किसी का दिल जीत लिया। तीन साल बाद सारा ने विक्की कौशल के साथ फिल्म 'जरा हटके जरा बचके' से सिल्वर स्क्रीन पर वापसी की और छा गईं। कम बजट में बनी इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 88 करोड़ का कारोबार किया था। सारा के पास आगामी फिल्मों की एक लंबी लाइन है, जिसमें 'ए वतन मेरे वतन', 'मेट्रो इन दिनों' और 'मर्डर मुबारक' हैं।

## खबर संक्षेप

### श्री रामकृष्ण गौ सेवा संस्था व गौ सेवा के सदस्यों ने विधायक को सौंपा ज्ञापन

**कोरबा।** कई वर्षों से बालको क्षेत्र में गौवंशों के संरक्षण व रखरखाव की दिशा में अनवरत कार्य कर रही संस्था श्री रामकृष्ण गौ सेवा व गौ सेवा गतिविधि के पदाधिकारियों द्वारा 17 दिसंबर को विधायक लखनलाल देवांगन को पुष्पगुच्छ से सम्मानित करते हुए ज्ञापन सौंपा गया। संस्था की अध्यक्ष व गौ सेवा गतिविधि की संयोजक लालिमा जायसवाल ने विधायक श्री देवांगन से जिले में गौवंशों के उपचार, सुरक्षा, संरक्षण विषय को लेकर विशेष तौर पर प्राथमिकता देने की बात कही। साथ ही गौठानों की चरमरायी व्यवस्था से भी अवगत कराते हुए नई सुदृण दिशा में व्यवस्था की बात रखी। ताकि लावारिश घुमन्तु गौवंशों को भी सहारा मिल सके। जिसपर विधायक श्री देवांगन द्वारा आश्वासन दिया गया कि शीघ्र ही गौवंशों के संरक्षण पर कार्यवाही होगी। इस दौरान संस्था अध्यक्ष व गौ सेवा गतिविधि की संयोजक लालिमा जायसवाल, उत्तम प्रजापति, दौलतराम सोनी, भूषणदास महंत, बम्लेश्वरी चौहान, ललिता पान्डेय व अन्य गौसेवक उपस्थित रहे।

### महंत के नेता प्रतिपक्ष बनने से छत्तीसगढ़ को मिलेगा मज़बूत विपक्ष : जयसिंह



**कोरबा।** पूर्व विधानसभा अध्यक्ष व सक्ती विधायक डॉ चरणदास महंत के नेता प्रतिपक्ष बनने पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए पूर्व राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने कहा कि डॉ महंत कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं में से एक हैं और राजनीति के क्षेत्र में उनका गहरा अनुभव है। इसका लाभ कांग्रेस को मिलेगा और छत्तीसगढ़ में विपक्ष सशक्त भूमिका में होगी। राज्य के हित के सभी मुद्दों पर विपक्ष की पैनी नजर रहेगी। महंत की अगुवाई में छत्तीसगढ़ राज्य को एक मजबूत विपक्ष मिलेगा। जयसिंह अग्रवाल व महापौर राजकिशोर प्रसाद ने डॉ महंत से मुलाकात कर उन्हें शुभकामनाएं दी है।

### झेरिया बरेठ धोबी समाज की हुई बैठक

**कोरबा।** बरेठ धोबी समाज द्वारा सर्वप्रथम संत गाडगे महाराज एवं नातिन धोबिन दाई की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सभी इकाई के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। समाज प्रमुख ने अपना-अपना विचार विमर्श रखे सभी इकाई के अध्यक्षों को एवं पदाधिकारी को समाज के प्रति जागरूकता लाने के लिए आह्वान किया गया। कार्यक्रम में कोरबा केंद्र के पदाधिकारी एवं इकाई के अध्यक्ष, कार्यकर्ता उपस्थित रहे। मिलापराम बरेठ, जनाराम कर्ष, प्रदीप सोनसर्व, सदानद बरेठ,चेतन कर्ष, गिरधारी बरेठ, सुरेश, रामगोविन्द बरेठ, लालचंद आदि उपस्थित थे।

### दिल्ली में बंधक बनाए गए दस पहाड़ी कोरवा मजदूर

**अंबिकापुर।** मैनपाट के दस मजदूरों को दिल्ली में बंधक बनाए जाने का मामला सामने आया है। बंधक बनाए गए मजदूर पहाड़ी कोरवा समुदाय के है। युवकों को अच्छा रोजगार दिलाने का झांसा देकर दिल्ली में ले जाकर बेच दिया गया है। अब बंधक बनाए गए मजदूरों में से एक ने वीडियो भेजकर मदद की गुहार लगाई है। बताया जा है कि मैनपाट के सुपलगा क्षेत्र में रहने वाले पहाड़ी कोरवा युवाओं को अच्छी नौकरी दिलाने का झांसा देकर को दलाल अपने साथ दिल्ली ले गया था।

## नगर पालिका व प्रशासन बना मूकदर्शक

# सड़क पर व्यापारियों का अतिक्रमण रोज़ाना लग रहा जाम, लोग हलाकान





इस तरह सड़कों पर लगा है दुकान, जिसकी वजह से जाम की स्थिति हाती है निर्मित।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

कटघोरा नगर पालिका क्षेत्र का इस समय हाल बेहाल है वजह है कि कटघोरा से बिलासपुर की ओर जाने वाला मुख्य मार्ग हो या कटघोरा से अम्बिकापुर की ओर जाने वाला मुख्यमार्ग यहां स्थित दुकानदारों द्वारा किये गए बेताहाशा अतिक्रमण से मुख्य सड़क की चौड़ाई कम हो जाने से रोज़ाना इस मार्ग पर जाम की स्थिति निर्मित हो रही है। अभी कुछ दिनों पूर्व ही दुकानदारों के अतिक्रमण को लेकर समाचार पत्रों में खबर भी प्रकाशित की गई थी। जिसपर कटघोरा नगर पालिका के मुख्य नगर पालिका अधिकारी ज्ञानपुंज कुलमित्र ने कहा था कि दो तीन दिनों में इस पर कार्यवाही की जाएगी। लेकिन इसके बावजूद भी अभी तक नगर पालिका द्वारा इस ओर कार्यवाही को लेकर कोई कदम नहीं उठाया है।

नगर के मुख्य चौराहे शहीद वीर नारायण चौक से लेकर अम्बिकापुर मार्ग स्थित न्यू बस स्टैंड से गोमती पेट्रोल पंप तक दूकानदारों द्वारा अपनी दुकान से 15 से 20 फिट आगे अतिक्रमण कर रखा है साथ ही दुकानदारो द्वारा फ्लेक्स होर्डिंग को सड़क के किनारे से लगाकर रखे हुए हैं। सड़क की चौड़ाई 15 फिट है और बाकी जगह पार्किंग व पैदल चलने वालों के लिए है लेकिन सड़क की किनारे तक दुकानदारों द्वारा अतिक्रमण कर सामानों को रखकर डिस्पले किया जाता है। जिसकी वजह से पार्किंग की जगह लोग अपने चार पहिया वाहनों को सड़क पर ही जगह देखकर खड़ा कर देते हैं। मुख्यमार्ग की चौड़ाई कम होने तथा सड़क पर ही वाहनों को खड़ा कर देने से न्यू बस स्टैंड में रोज़ाना जाम की स्थिति बनी रहती है। न्यू बस स्टैंड के पास ही कटघोरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भी नजदीक होने से यदि जाम लगता है तो एम्बुलेंस वाहन भी जाम में फंस जाती है और उसे इंतजार करना पड़ता है। दुकानदार अपनी दुकानों में बैठकर केवल तमाशा ही देखते रहते है।

### कार्यवाही न होने से दुकानदारों के हौसले बुलंद

जब इस विषय पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी को अवगत कराया जाता है तो उनके द्वारा यह कहा जाता है कि एक दो दिन में इस पर कार्यवाही की जाएगी लेकिन केवल मौखिक रूप कार्यवाही की बात कहकर कार्यवाही करना भूल जाते हैं। वहीं प्रशासन का अमला भी यहां से गुजरता है लेकिन केवल यह सब देखकर भी वे केवल मूकदर्शक ही बने रहते हैं। न्यू बस स्टैंड में मुख्यमार्ग पर दुकानदारों द्वारा इस तरह से अतिक्रमण किया गया है कि सड़क पर रोजाना जाम लगना स्वाभाविक है और कार्यवाही नही किये जाने से दुकानदारों के हौसले बुलंद हैं।

### न्यू बस स्टैंड में छोटे व्यवसायीयों की भरमार

कटघोरा न्यू बस स्टैंड का हाल भी बेहाल है। बस स्टैंड के दोनों रास्तों पर छोटे व्यवसायी जैसे चाय दुकान, फल दुकान, छोटे होटल या नास्ता सेंटर व अन्य व्यवसायी अपनी दुकान बेतरतीब लगाने से आने जाने वाली बसों को बस स्टैंड के भीतर जाने में बड़ी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है और बसों के बाहर निकलने में मुख्यमार्ग पर जाम की स्थिति बन जाती है। नगर पालिका द्वारा इन छोटे दुकानदारों को लिए एक सुनिश्चित स्थान भी नही मुहैय्या करा पा रहा है। पूर्व में पूर्व सीएमओ द्वारा चौपाटी की योजना तैयार तो की गई लेकिन वो भी अब ठंडे बस्ते में चली गई। इस ओर नगर पालिका बिल्कुल भी ध्यान नही दे रही है।

### नो एंट्री के बाद भी घुस रहे शहर के भीतर भारी वाहन

जिला प्रशासन द्वारा कटघोरा नगर में 24 घण्टे का नो एंट्री लगाया गया है लेकिन इसका पालन भी कटघोरा नगर में नही हो रहा है। कटघोरा के भीतर भारी वाहनों के आवागमन से भी नगर में दुर्घटना का खतरा बना रहता है और जाम लगने का मुख्य कारण यह भी बन रहा है। शहर के भीतर भारी वाहन न आये इसके लिए कटघोरा सुतर्रा से बायपास का निर्माण किया गया है लेकिन उसके बावजूद भी भारी वाहन शहर के भीतर प्रवेश कर रहे हैं। प्रशासन को अपने नो एंट्री की समय सीमा में संशोधन करते हुए रात्रि 10 बजे से सुबह 6 बजे तक भारी वाहनों के आवक्रगमन में छूट देंने के साथ बाकी समय नो एंट्री लगाने का आदेश करें और नो एंट्री के पालन कराने के लिए भी नगर पालिका या पुलिस प्रशासन को निर्देशित करें। ताकि शहर में बढ़ते ट्रैफिक दबाव को कम किया जा सके।

## निःशुल्क हृदय रोग परामर्श शिविर का लोगों ने उठाया लाभ



लायंस क्लब के पदाधिकारी व सदस्यगण।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

**खास बात**
- लायंस क्लब कटघोरा छुरी का आयोजन
- अपोलो बिलासपुर के हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ.भांजा ने दी सेवाएं

दी इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ लायन्स क्लब से सम्बंधित संस्था लायन्स क्लब कटघोरा छुरी द्वारा रविवार को हृदय रोग सम्बंधित निःशुल्क परामर्श शिविर लगाया गया जिसमें अपोलो हॉस्पिटल बिलासपुर के मशहूर हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ राजीव लोचन भांजा ने अपनी सेवाएं दी। शहीद वीरनारायण चौक स्थित रैन बसेरा में आयोजित परामर्श शिविर का कटघोरा नगर सहित आसपास के लोगो ने लाभ लिया।

क्लब अध्यक्ष अजय धनोदिया ने इस अवसर पर कहा कि आज की भागमभाग वाली जिंदगी में जिस तरह हार्ट अटैक की घटनाएं बढ़ रही है वह चिंता का विषय है। खानपान के प्रति लापरवाही और बढ़ता प्रदूषण इसका प्रमुख कारण है। यही वजह है कि क्लब द्वारा इस शिविर का आयोजन किया गया है। युवा नेता आकाश शर्मा ने बताया कि लायन्स क्लब कटघोरा छुरी जिस प्रकार से सामाजिक कार्य कर रही है निश्चित ही सराहनीय है क्योंकि आज के इस भागमभाग व व्यस्तम जिंदगी में किसी के पाश भी समय नही होता है लेकिन फिर भी संश्था के द्वारा लोगो को बीमारी से निजात दिलाने के लिए निःशुल्क शिविर लगाया गया यह सराहनीय है इसके लिए मैं क्लब के सभी सदस्यों को बधाई देता हूं। शिविर में उपस्थित डॉ राजीव लोचन भांजा ने कहा कि निश्चित ही हृदय रोग बीमारी की मुख्य जो वजह है वह बढ़ता प्रदूषण है खराब प्रदूषण की वजह से लोगो को सांस लेने में परेशानी होती हैं व हर बीमार व्यक्ति सही जगह से इसका इलाज नहीं करवा पाता है मगर लायन्स क्लब कटघोरा छुरी जिस प्रकार से सामाजिक कार्य कर रही है मुझे इसकी जानकारी शुरू से ही है इनके इसी जज्बे को देखते हुए व इनके बुलावे पर मैने तत्काल अपनी सेवा देने को तुरंत हामी दी क्योंकि इससे मुझे स्वयं भी अंतरात्मा से खुशी मिलती है। परामर्श शिविर में नगर के सांथ ही आस पास के ग्रामीण अंचलो से भी आये लोगो ने इसका लाभ लिया ततपश्चात क्लब के सदस्यों के द्वारा डॉ राजीव लोचन भांजा को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया इस अवसर पर डॉ राजीव लोचन भांजा,प्रतीक दीक्षित,प्रणव मलिक ,तनवीर फातिमा,सहित क्लब अध्यक्ष अजय धनोंदिया, क्वेस्ट चेयरपर्सन अजय गर्ग,उपाध्यक्ष राकेश गोयल,राकेश पांडेय,सचिव आशीष अग्रवाल, कोषाध्यक्ष नरेंद्र,मनोज अग्रवाल, हुकुमचंद अग्रवाल, मनोज अग्रवाल छुरी,टेकचन्द अग्रवाल ,दीपक गर्ग,सुधीर पांडेय,इखलाक शेख,राकेश शर्मा,मुकेश गोयल,प्रकाश अग्रवाल,विकेश अग्रवाल, चिंटू अग्रवाल,सहित नगरवासी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## पृष्ठ 1 का शेष

### सरिया मंगाने...

इसके पश्चात 1 दिसंबर को जब नागेन्द्र द्वारा उनके मोबाईल नंबर 6295104593 मे फोन किया गया तो उनका मोबाईल बंद आया जो आज पर्यन्त निरंतर बंद है। तब उसे अहसास हुआ कि वह धोखाधड़ी का शिकार हो गया है। नागेन्द्र की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर उनकी खोजबीन शुरु कर दी है।

### धान खरीदी का...

साल 25 लाख 70 हजार क्विंटल धान खरीदी का लक्ष्य दिया गया है। 41 समितियों के 65 उपार्जन केंद्रों में पंजीकृत 50 हजार 912 किसानों के माध्यम से धान खरीदी का कार्य किया जाना है। धान खरीदी अभियान का मध्यांतर हो चुका है अभियान ने आधा सफर तय कर लिया है। इस दौरान आदिवासी बाहुल्य जिले में धान खरीदी के जो आंकड़े सामने आ रहे हैं वह वाकई धान खरीदी अभियान को हतोत्साहित करने वाले हैं। इस साल धान खरीदी अभियान ठंडा पड़ा हुआ है। 7 हजार 726 पंजीकृत किसानों ने 41 समिति के 65 उपार्जन केंद्रों के माध्यम से महज 3 लाख 74 हजार 698.40 क्विंटल समर्थन मूल्य के आधार पर 81 करोड़ 79 लाख 66 हजार 607 रुपए का धान बेचा है। शनिवार रविवार एवं अन्य शासकीय अवकाश दिवस में धान खरीदी नहीं होती। लिहाजा शेष बचे 28 खरीदी दिवस में शेष 85 फीसदी 21 लाख 99 हजार 302 क्विंटल धान खरीदी लक्ष्य को हासिल करने प्रति खरीदी दिवस में 78 हजार 546 क्विंटल रिकार्ड धान खरीदी करनी होगी। जो लगभग नामुमकिन सा नजर आ रहा।

### गुरूघासीदास जयंती पर सीतामणी से निकाली गई शोभायात्रा

**कोरबा।** गुरू घासीदास की 267वीं जयंती समारोहपूर्वक जिले में मनाई जा रही है। दो दिवसीय इस आयोजन की कड़ी में जयंती के पूर्व संध्या पर रविवार को सीतामणी से भव्य शोभायात्रा निकाली गई। 18 दिसंबर गुरूपर्व के दिन प्रातः 11 बजे से चौका पूजा आरती का आयोजन किया जाएगा। इसी दिन दोपहर से पंथी नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन भी किया जाएगा। समिति द्वारा एक पंथी नृत्य को चयन कर प्रदेश स्तर पर प्रदर्शन करने के लिए भेजा जाएगा। कोरबा सतनामी कल्याण समिति के द्वारा सीतामणी से सतनाम प्रांगण टीपी नगर तक गुरू के संदेश मनखे-मनखे एक समान का संदेश को लेकर शोभायात्रा निकाली गई। समिति के अध्यक्ष यूआर महिलांगे, शोभायात्रा के प्रभारी त्रिवेन्द्र आदिले और मनोज मनहर के नेतृत्व में शोभायात्रा सीतामणी स्थित जैतखाम से पूजा-अर्चना के पश्चात शाम 4 बजे निकाली गई। शोभायात्रा में समिति के अध्यक्ष यूआर महिलांगे ने सीतामणी स्थित जैतखाम में पूजा अर्चना व दीप प्रज्जवलित कर यात्रा का शुभारंभ किया। इस अवसर पर जीएल बंजारे, आरपी खाण्डे,नारायण कुर्रे, आरडी भारद्वाज, डॉ. जेके लहरे, श्रीमती सुनीता पाटले, पुष्कर आदिले, डॉ. गोपाल कुर्रे, केपी पाटले, यशवंत जोगी, मनीराम जांगड़े, रवि खूंटे, मनोज मनहर, संतदास दिवाकर, कीर्तन लाल डहरिया, विनोद टंडन, विद्याचरण बघेल, विजय दिवाकर, अनिकेत पाटले, विनोद डहरिया, दादूलाल मनहर, नरेन्द्र कुमार रात्रे सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।

### ट्रांसपोर्ट कंपनी से सामानों की हेराफेरी, अपराध दर्ज

**अम्बिकापुर।** ट्रांसपोर्ट कंपनी में काम करने के दौरान साढ़े चार लाख से अधिक के सामान की हेराफेरी के मामले में पुलिस ने अमानत में खयानत का मामला दर्ज किया है। आरोपियों ने कंपनी में काम करने के दौरान कंटेनर के कार्यालय पहुंचने से पहले ही सामानों की चोरी कर ली। मामले का खुलासा होने के बाद कंपनी की ओर से मामले की शिकायत थाने में की गई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार रसूलपुर निवासी वकार आलम चांदनी चौक स्थित एन टेक्स ट्रांसपोर्टेशन सर्विसेज कंपनी में काम करता है। कंपनी में विभिन्न लोगों द्वारा ऑर्डर किए गए सामान पहुंचते है और उन सामानों की डिलीवरी कंपनी द्वारा कराई जाती है।

### शपथ पत्र

मैं मोहर साय उम्र 37 वर्ष पिता राम सेवक रजवार निवासी वार्ड क्रमांक 12 सड़कपारा गोंदा सूरजपुर छ.ग. का होकर शपथपूर्वक निम्न कथन करता हूं :-

01. यह कि मेरे पुत्र के संपूर्ण शैक्षिणिक दस्तावेजों में एवं उसके आधार कार्ड क्रमांक 5618 3223 6495 में मेरे पुत्र का नाम ओम कुमार राजवाड़े दर्ज है एवं मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरे पुत्र का नाम ओमकार दर्ज है। मेरे पुत्र का सही नाम ओम कुमार राजवाड़े है। सर्विस रिकार्ड में दर्ज मेरे पुत्र का नाम ओमकार को विलोपित कर मेरे पुत्र का सही नाम ओम कुमार राजवाड़े दर्ज किया जाये। किसी किस्म के गलत पाये जाने पर मैं स्वयं जवाबदार एवं देनदार रहूंगा।


02. यह कि यह शपथपत्र उपरोक्त आशय के समर्थन में निष्पादित किया गया है। जिसे संबंधित कार्यालय में प्रस्तुत करना है।

**शपथकर्ता**
**मोहर साय**









## खबर संक्षेप

### पूर्व केबिनेट मंत्री ने जिलेवासियों को गुरूघासीदास जयंती की दी शुभकामनाएं

**कोरबा।** गुरूघासीदास जयंती पर्व के अवसर पर पूर्व केबिनेट मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने क्षेत्रवासियों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि प्रदेश की संत परम्परा में गुरू घासीदास का नाम अत्यधिक प्रतिष्ठित है। 18 दिसम्बर 1756 को रायपुर जिला के ग्राम गिरौद में इनका जन्म हुआ। बचपन से ही इनके हृदय में वैराग्य क भाव परिलक्षित होने लगा था। गुरूघासीदास आधुनिक युग के सशक्त क्रांतिदर्शी गुरू के रूप में जाने जाते हैं। इनके जीवन दर्शन में सत्य, अहिंसा, करूणा तथा जीवन का ध्येय उदात्त रूप से प्रकट होता है। गुरूघासीदास का जीवन दर्शन युगों तक मानवता का संदेश देता रहेगा। छत्तीसगढ़ शासन ने उनकी स्मृति में सामाजिक चेतना एवं सामाजिक न्याय के क्षेत्र में गुरूघासीदास सम्मान स्थापित किया है। इस सम्मान के तहत वर्ष 2001 से प्रतिवर्ष इस क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ कार्य करने वाले व्यक्ति को यह सम्मान दिया जाता है।

### डीपीएस बालको ने मनाया वार्षिक उत्सव



**कोरबा।** दिल्ली पब्लिक स्कूल बालको ने 16 दिसंबर को वार्षिक समारोह का आयोजन किया। इस अवसर पर बालको के सीएफओ अमित गुप्ता मुख्य अतिथि थे। समारोह में 6 सौ प्रतिभागी बच्चे शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि व अभिभावकों का स्वागत गीत और अभिनंदन के साथ हुई। इसके बाद वंदे मातरम्‌ और अरपा पैरी की धार गाए गए। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में पृथ्वी बचाओ, जल बचाओ, महाराणा प्रताप, रामसेतु, कोरोना महामारी, भारत का स्वर्ण युग, रोबोटिक नृत्य आदि विषयों पर मनमोहक प्रस्तुतियाँ शामिल रही। दर्शकों ने कार्यक्रम भरपूर आनंद लिया। शिक्षकों और छात्रों के प्रयासों के साथ उनकी कड़ी मेहनत की सराहना की। कार्यक्रम को यूट्यूब पर लाइव स्ट्रीम किया गया। इस दौरान फूड स्टॉल भी लगाए गए जिन्हें दर्शकों से अच्छा प्रतिसाद मिला।

### साइंस एग्जीबिशन व आनंद मेले का हुआ आयोजन



**कोरबा।** स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल पंप हाउस में साइंस एग्जीबिशन और आनंद मेला का शुभारंभ एसएमडीसी के अध्यक्ष एस मूर्ति एवं जिला बाल विज्ञान समन्वय डॉ. फरीना अली ने मां सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। बच्चों ने विज्ञान के अनेक मॉडल बनाकर प्रदर्शनी लगाई। साथ ही आनंद मेला में विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजन बच्चों के द्वारा बनाया गया था जिसे अभिभावकों ने जमकर लुफ्त उठाया। अतिथियों ने प्राचार्य विवेक लांडे की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन से बच्चों का उत्साह बढ़ता है साथ ही उन्हें नए-नए गतिविधियों का और अधिक जानकारी प्राप्त होने का अवसर मिलता है। इस दौरान शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के सदस्य शिवनारायण श्रीवास, मन्दाकिनी चंद्रा, शिक्षक एवं शिक्षिकाएं और नागरिक एवं अभिभावक बड़ी संख्या में उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती निशा चंद्रा ने की।

### बदल रही रेलवे स्टेशन की तस्वीर, ऑटो स्टैंड के लिए जगह होगी निर्धारित

# पार्किंग की जगह अब बनेगा गार्डन दूसरी जगह होगी वाहन पार्किंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शहर के रेलवे स्टेशन की तस्वीर अमृत मिशन योजना के तहत बदली जाएगी। स्टेशन के सामने पार्किंग की जगह गार्डन बनाने की तैयारी चल रही है। वहीं पार्किंग का स्थान दूसरी जगह किया जाएगा। इसके साथ ही स्टेशन के सामने ऑटो स्टैंड भी हटाया जाएगा उसे आरपीएफ चौकी के सामने लाने की तैयारी की जा रही है। साथ ही साथ रेलवे प्लेटफार्म का भी विस्तार होगा।

केन्द्र सरकार की अमृत मिशन योजना में कोरबा रेलवे स्टेशन को शामिल किए जाने के बाद रेलवे स्टेशन को मॉडल रूप दिया जा रहा है। पहले किश्त की 15 करोड़ रूपये की राशि से कार्य शुरू हो चुका है। रेलवे स्टेशन के सामने वाहन पार्किंग की एक बड़ी जगह आरक्षित थी, जहां यात्रियों को छोड़ने आने वाले वाहनों की पार्किंग होती थी, लेकिन उक्त पार्किंग स्थल में रेलवे कर्मचारी के वाहन नहीं खड़े हो पाते थे। उक्त वाहन पार्किंग स्थल को अब आरपीएफ चौकी के सामने शिफ्ट किया जाएग। वहीं ऑटो स्टैंड वाली जगह को भी बदलकर उसे रिजर्वेशन काउंटर के सामने लाने की योजना है, उक्त सभी स्थल में कार्य भी शुरू हो चुका है। स्टेशन के सामने जिस तरह से कार्य हो रहे हैं उससे आने वाले समय में स्टेशन के सामने का स्वरूप एक गार्डन के साथ बदला हुआ नजर आएगा।



निर्माणाधीन गार्डन।

#### सेकेंड एंट्री को लेकर अभी भी परेशानी

रेलवे प्रबंधन ने बहुत पहले सेकेंड एंट्री शुरू करने के उद्देश्य से रेलवे स्टेशन के दूसरी ओर मानिकपुर पोखरी के तरफ सेकेंड एंट्री का शेड और टिकट काउंटर बनाया गया है वह कुछ समय तक तो चलता रहा फिर लंबे समय से सेकेंड एंट्री का टिकट काउंट बंद था। अभी कुछ माह पूर्व एक अलग से शेड बनाकर टिकट काउंट शुरू किया गया है वह भी अस्थाई नजर आता है। अभी भी यात्री मेन स्टेशन से ही टिकट खरीदते हैं, क्योंकि कॉलोनी के तरफ से आने वाले रास्ते में रेलवे द्वारा स्थाई रूप से बेरियर लगा दिया गया है, जिससे उक्त मार्ग से अब यात्रियों का आना-जाना भी बंद हो गया है।

अमृत मिशन योजना अंतर्गत रेलवे प्लेटफार्म के शेड का भी निर्माण होगा। वर्तमान में अभी प्लेटफार्म क्रमांक 1 में ही सर्वसुविधायुक्त शेड है। वहीं दूसरी ओर प्लेटफार्म क्रमांक 2 के एक हिस्से में शेड बना हुआ है। बरसात और गर्मी में यात्रियों को प्लेटफार्म क्रमांक 2 से यात्री गाड़ी पकड़ने के लिए खुले में खड़े होने की मजबूरी हो जाती है। कई बार यात्री गर्मी और बरसात के समय प्लेटफार्म क्रमांक 1 में ही खड़े रहते हैं, जब यात्री गाड़ी के आने का समय होता है तब ही यात्री प्लेटफार्म नंबर 2 में पहुंचते हैं। दोनों ही प्लेटफार्म में एक लंबा चौड़ा शेड तैयार किया जाएगा। जिससे यात्रियों को परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ेगा।





## पांचों विकासखंडों में बाल अधिकार संरक्षण की दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

यूनिसेफ छत्तीसगढ़ एवं रासेयो के संयुक्त तत्वाधान में केएन कॉलेज के रासेयो इकाई द्वारा पाली विकासखंड के ग्राम मुक्ता, कोरबी, धतूरा, बम्हनीकोना आदि गांव में सुरक्षित पारा सुरक्षित लईकामन थीम को लेकर ग्राम संपर्क अभियान चलाया गया। रासेयो के जिला संगठक वायके तिवारी के नेतृत्व में रासेयो के ब्लू ब्रिगेड सदस्यों ने ग्राम मुक्ता के पूर्व माध्यमिक विद्यालय में बच्चों को पीटी, परेड, मार्शल आर्ट, बाल शिक्षा, बाल अधिकार तथा चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर के बारे में जानकारी देते हुए स्वच्छंद वातावरण में जीवन शिक्षण कौशल की सीख दी। प्राचार्य वीरभद्र सिंह पैकरा, प्रधानपाठक रविशंकर श्रीवास के नेतृत्व में बचपन पढ़ेगा देश बढ़ेगा, बेटा-बेटी एक समान तभी बनेगा देश महान आदि नारों का वाचन करते हुए पूर्व माध्यमिक विद्यालय तथा हाई स्कूल के बच्चों के साथ को लेकर विशाल रैली का आयोजन किया गया। स्वयंसेवकों ने विद्यालय प्रांगण में सुरक्षित बचपन, कुपोषण, बाल विवाह, घरेलू हिंसा, तथा बाल अधिकार कानूनों की जानकारी देते हुए नुक्कड़ नाटक का मंचन किया। पाली विकास खंड के ग्राम बम्हनी कोना मिडिल स्कूल परिसर में कितने भाई कितने, रूमाल झपट्टा आदि खेल खिलाकर बच्चों को गुड टच बेड टच, परिवार के लोगों के द्वारा नशीले पदार्थों का सेवन से बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभाव, पौष्टिक भोजन व्यायाम आदि पर केंद्रित नुक्कड़ नाटक तथा नारों का वाचन स्वयंसेवकों द्वारा किया गया।

## परिवार गया था गांव, चोर ताला तोड़कर ले उड़े आभूषण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक सूने मकान से अज्ञात चोरों ने सोने चांदी के जेवरात सहित हजारों का माल पार कर दिया है। मकान मालिक की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरु कर दी है।


**खास बात**

- बालको थाना क्षेत्र के बलगरी बस्ती की घटना
- अज्ञात आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने दर्ज किया मामला

बालको थाना क्षेत्र अंतर्गत बेलगड़ी उड़िया मोहल्ला निवासी मिथुन लाल ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह बालको प्लांट में काम करता है। 14 दिसंबर की दोपहर लगभग 3 बजे घर में ताला बंद कर परिवारिक काम से परिवार सहित ग्राम तिउर गया था। 16 दिसंबर की सुबह 8 बजे उसके पडोसी दुबराज ने फोन कर उसे बताया कि उसके घर का ताला टूटा हुआ है। तब मिथुन अपनी पत्नि बच्चों के साथ घर वापस आया तो देखा कि किसी अज्ञात चोर द्वारा घर के बाहर लगे ताला को तोडकर अंदर प्रवेश कर दूसरे रूम के बाहर लगे ताला को तोडकर आलमारी में रखे सोने का 7 नग वाला फदक माला एवं सोने का एक नथनी एवं एक जोडी चांदी का पायल, एक कांसा लोटा, चार कांसा थाली , एक पीतल का गंज सहित कुल 48 हजार रुपयों के माल की चोरी कर ली है। मिथुन की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ धारा 457, 380 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरु कर दी है।



## आकर्षक फौव्वारा...





कोरबा। आईटीआई चौक में नगर निगम कोरबा ने अपने सौंदर्यीकरण के तहत फौव्वारा लगाया है जिसकी रविवार को टेस्टिंग की गई।

## इमलीडुग्गू गौ-माता चौक से उरगा तक बनेगी फोरलेन सड़क

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पीडब्ल्यूडी ने इमलीडुग्गू गौ माता चौक से उरगा तक फोरलेन सड़क बनाने का 165 करोड़ रुपए का प्रस्ताव राज्य शासन को भेजा है। सीएम की घोषणा के बाद मंजूरी नहीं मिली। भारी वाहनों के दबाव के कारण 3 साल में 10 किलोमीटर की सड़क बनाने 10 करोड़ रुपए से अधिक राशि खर्च हो गई फिर भी राहत नहीं मिल रही है।

**खास बात**

- पीडब्ल्यूडी ने राज्य शासन के पास भेजा 165 करोड़ रूपये का प्रस्ताव

कोरबा से चांपा मार्ग नेशनल हाईवे घोषित होने के बाद इमलीडुग्गू से बरबसपुर तक की सड़क नगर निगम और उसके आगे उरगा तक सड़क पीडब्ल्यूडी के हिस्से में आई है। नेशनल हाइवे की फोरलेन सड़क उरगा से रिंग रोड होकर बन रही है। इस वजह से 10 किलोमीटर सड़क को फोरलेन बनाने की लंबे समय से मांग की जा रही है।पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इसकी घोषणा भी की थी। उसके बाद पीडब्ल्यूडी ने सर्वे के बाद 165 करोड़ रुपए का प्रस्ताव राज्य शासन को भेजा है। इसमें नदी नालों पर पुल पुलिया भी शामिल है, लेकिन घोषणा के 1 साल बाद भी इसकी लिए राशि की मंजूरी नहीं मिल पाई है। नगर निगम ने 3 साल पहले गौ माता चौक से बरबसपुर तक ढाई करोड़ की लागत से सड़क का नवीनीकरण किया था, पर सड़क फिर से उखड़ने लगी है। इस वजह से शहर से चांपा की ओर जाने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसी तरह पीडब्ल्यूडी ने 8 करोड़ की लागत से 3 किलोमीटर लंबी बरबसपुर से उरगा तक सड़क का नवीनीकरण कराया था। अब फिर से जगह-जगह गड्ढे हो गए हैं। पुल क्षतिग्रस्त होने से भी हादसे का डर बना रहता है। फोरलेन सड़क के प्रस्ताव की वजह से पुलों की चौड़ाई बढ़ाने कोई प्रस्ताव भी नहीं बनाया गया है। क्षतिग्रस्त डोमनाला से गुजरते भारी वाहन। 15 टन क्षमता की सड़क, दौड़ रहे 52 टन क्षमता के वाहन नगर निगम ने ढाई करोड़ की लागत से जब सड़क का नवीनीकरण कराया तब इसकी क्षमता 15 टन ही रही है। लेकिन अभी इस सड़क पर 52 टन क्षमता तक के ट्रेलर दौड़ रहे हैं। इस वजह से भी सड़क टिक नहीं पा रही है। जब तक इस सड़क की क्षमता नहीं बढ़ाई जाएगी तब तक लोगों को राहत नहीं मिलने वाली है।



फाइल फोटो

## गढ़कटरा में स्वास्थ्य मेला



**कोरबा।** सतरेंगा संकुल के प्राथमिक विद्यालय गढ़कटरा में रश्मि कंवर सीएचओ सतरेंगा द्वारा प्राथमिक विद्यालय गढ़कटरा में स्वास्थ्य मेला आयोजित की गई। इस मेले में सभी बच्चों का स्वास्थ्य जांच ब्लड ग्रुप और सिकलिन टेस्ट किया गया और दवाई का वितरण किया गया, इस मेले में रश्मि कंवर सीएचओ सतरेंगा, श्रीकांत भारिया प्रधानपाठक प्राथमिक विद्यालय गढ़कटरा, अजय कोसले शिक्षक प्राथमिक विद्यालय गढ़कटरा, कमलेश कंवर प्राथमिक विद्यालय बागमाड़ा एवं स्कूल के बच्चे उपस्थित रहे।

## दो अलग-अलग सड़क हादसों में दो युवकों की मौत

**कोरबा।** जिले के दो अलग अलग क्षेत्रों में सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई है। पहली घटना में मवेशी को बचाने के चक्कर में अनियंत्रित हुई बाइक के पेड़ से जा टकराने से युवक की मौत हो गई तो वहीं दूसरी घटना में बाइक सवार युवक को अज्ञात वाहन ने अपनी जद में ले लिया जिससे उसकी मौत हो गई है।

कटघोरा थाना क्षेत्र अंतर्गत तुमान शिव मंदिर निवासी सूरज कुमार सिह सिदार 18 वर्ष बजाज पल्सर को चलाते हुए शनिवार की रात्रि 7:30 बजे कटघोरा से वापस घर जा रहा था तभी बिंझरा चंदनपुर के बीच पुल के आगे बीच रोड में बैठे जानवर को बचाने के चक्कर में मोटर सायकल अनियंत्रित होकर आम पेड में टकरा गया जिससे सूरज के सीना, शरीर में गभीर चोट लगी और स्थानीय लोगों की मदद से कटघोरा अस्पताल में दाखिल कराया गया जहां देर रात उसकी मौत हो गई। दूसरी घटना उरगा थाना क्षेत्र की है। बताया जाता है कि ग्राम बरीडीह निवासी संदीप कुमार कुर्रे अपनी मोटर सायकल क्रमांक सीजी 11 सीएफ 5943 को स्वयं चलाते अकेले अपने सुसराल ग्राम बिरगहनी चांपा जा रहा था कि घटनास्थल चांपा कोरबा मेन रोड मडवारानी ओव्हरब्रिज के नीचे रोड में अज्ञात वाहन द्वारा एक्सीडेंट करने से गंभीर चोट आने पर उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मामले में अज्ञात दुर्घटनाकारित वाहन चालक के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर उसकी खोजबीन शुरु कर दी गई है।





## आईपीएस फन फेयर कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

दीपका स्थित इंडस पब्लिक स्कूल में प्रत्येक आयोजनों को एक अलग तरीके से आयोजित किया जाता है लेकिन इस वर्ष विद्यालय में आयोजित आनंद मेला विभिन्न दृष्टिकोणों से अलग था। स्कूल में हर वह पल जहॉ से ज्ञान एवं जागरूकता का सबक मिलें, बच्चों को अवसर दिया जाता है कि इसमें वो अपनी प्रतिभा को दिखा सकें फिर बाल दिवस के साथ ही क्रिसमस का सुअवसर कैसे रह सकता है?

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल ने कहा कि विद्यालयों में इस प्रकार के आयोजन से न सिर्फ अभिभावकों का मनोरंजन होता है अपितु बच्चों में भी सामाजिकता का विकास होता है। एक ओर वे भविष्य में आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने का प्रयत्न करते हैं तो वहीं दुसरी ओर उनके मन से डर का भाव खत्म होता है। प्राचार्य डॉ. संजय गुप्ता ने कहा कि विविध पाठ्य सहगामी क्रियाओं के साथ-साथ अनेक मोरंजक कार्यक्रम भी बच्चों के मानसिक विकास में सहायक होते हैं। इस प्रकार के आयोजनों से विद्यार्थियों में आत्मविश्वास व आत्मनिर्भरता का भी विकास होता है साथ ही वे लेन-देन के माध्यम से मुद्रा के विनिमय व अर्थव्यवस्था का भी पाठ सीखते हैं। इस मस्ती मेले के आयोजन का एक मात्र उद्देश्य बच्चों में नैतिक मूल्यों का विकास एवं प्रायोगिक स्तर पर व्यवसायिक ज्ञान देना है। कार्यक्रम को श्रीमती आभा सक्सेना प्रेसिडेंट दीक्षा महिला मंडल, डॉ शशि सिंधु प्रेसिडेंट एसीबी महिला मंडल, जसपाल मठ प्रिंसिपल डीपीएस बिलासपुर ने भी संबोधित किया। विद्यालय में आयोजित इस रंगारंग मनोरंजन एवं आकर्षक फन फेयर की सबसे खास बात यह थी कि विभिन्न फायर स्टॉल, विभिन्न स्टेटस को रिप्रेजेंट कर रहे थे जैसे छत्तीसगढ़,गुजरात, उड़ीसा ,राजस्थान, पश्चिम बंगाल, गोवा ,महाराष्ट्र ,बिहार इत्यादि और प्रत्येक स्टॉल पर इस राज्य से संबंधित वेशभूषा के साथ उसी राज्य के व्यंजन भी प्रस्तुत किए गए थे। जो कि अपने आप में एक अद्वितीय व अद्भुत नजारा था।



कार्यक्रम की प्रस्तुति देते बच्चे।





